मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-506**
**11/10/2021**

# मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 11 अक्टूबर 2021 :– आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर आयकर गोलम्बर स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, पूर्व उप मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद श्री सुशील कुमार मोदी, पूर्व पथ निर्माण मंत्री सह विधायक श्री नन्द किशोर यादव, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती–पूजन एवं भजन कीर्तन का गायन किया।

******